खबर संक्षेप

### गजेन्द्र बने रजक समाज के अध्यक्ष



**मण्डला।** जिला रजक समाज की बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से गजेंद्र रजक कोजिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। 1 फरवरी को कुंभ स्थल में रजक समाज की बैठक आयोजित की गई थी जिसमें गजेंद्र रजक (गज्जू)को रजक समाज का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही संरक्षक के रूप में छोटे लाल रजक, बसंत रजक उपाध्यक्ष, राजेश रजक, राजाराम रजक, लक्ष्मण रजक, सचिव परसराम रजक, सह सचिव नवनीत रजक, कोषाध्यक्ष तारा चंद रजक, विधी प्रकोष्ठ नंदकिशोर रजक, संगठन सचिव आनंद रजक, संतोष रजक सह संगठन सचिव राजेंद्र रजक, जिला महिला अध्यक्ष श्रीमति प्रमिला रजक, युवा जिला अध्यक्ष विनोद रजक नियुक्त हुए हैं। साथ ही साथ बैठक में 23 फरवरी को परम पूज्य संत गाडगे महाराज की जंयती कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई आगामी बैठक 7 फरवरी दिन शनिवार को शाम 4 बजे कल्पतरु विद्यापीठ विद्यालय महाराजपुर आयोजित की गइ है। नवीन कार्यकारिणी गठन पर समाज में हर्ष व्याप्त है।

## मण्डला पुलिस द्वारा गांजा सप्लाई चेन को किया ध्वस्त

# सप्लायर खरीददार सहित 05 आरोपी गिरफ्तार

*** 20 लाख रूपये कीमत का गांजा जप्त।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

पुलिस अधीक्षक मण्डला रजत सकलेचा के निर्देशन में जिले में मादक पदार्थों के विरुद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना प्रभारी बम्हनी एवं चौकी प्रभारी अंजनिया द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए गांजा की संगठित सप्लाई चेन को ध्वस्त करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है।

दिनांक 25/01/2026 को विश्वसनीय सूचना के आधार पर मटरू ढाबा के आगे पुलिया के पास से 40 किलो 38 ग्राम अवैध गांजा (अनुमानित कीमत 20 लाख) जप्त किया गया। उक्त मामले में आरोपी ट्रक चालक राजेन्द्र पिता अमरचन्द्र के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।



आरोपी की तलाश हेतु गठित टीमों द्वारा राजस्थान के बारा, झालावाड़ एवं कोटा में दबिश दी गई। विवेचना के दौरान गांजा सप्लाई में संलिप्त ट्रक चालक, ट्रक कंडक्टर एवं खरीददार सहित कुल 04 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। ट्रक चालक एवं एक खरीददार को 07 दिवस की पुलिस रिमाण्ड पर लेकर पूछताछ की गई।

आरोपियों की निशादेही पर जिला बरगढ़ (उड़ीसा) से गांजा सप्लायर को गिरफ्तार किया गया, जो पूर्व में भी मादक पदार्थ तस्करी के मामलों में संलिप्त रहा है।



आरोपियों से सतत पूछताछ जारी है, जिससे गांजा सप्लाई नेटवर्क के अन्य सदस्यों तक पहुँचने की संभावना है।

एसडीओपी नैनपुर मनीष राज के मार्गदर्शन में इस कार्यवाही में निरीक्षक के.सी. चौव्हान, उनि प्रवीण शर्मा, उनि अरुण भदौरिया, उनि पुनीत वाजपेई, सउनि राजेश सराठे, आरक्षक रोहित, कीर्ति, सुनील, सुरेश भटेरे एवं सूर्यचंद बघेल की सराहनीय भूमिका रही।

### हत्या के आरोपी को किया गिरफ्तार

थाना बिछिया अंतर्गत ग्राम सहजपुरी में हुई मृत्यु के मामले में मंडला पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर सफलता प्राप्त की है। दिनांक 01.01.2026 को प्रातः लगभग 07:00 बजे थाना बिछिया की एफ.आर.व्ही. (डायल-112) को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम सहजपुरी में एक व्यक्ति द्वारा एक महिला पर उसके घर में कुल्हाड़ी से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया है। सूचना पर तत्काल 112 वाहन में तैनात स्टाफ द्वारा मौके पर पहुँचकर घायल महिला श्रीमती फूलकली करलिया पति अमरसिंह करलिया, उम्र 45 वर्ष, जाति बैगा को उपचार हेतु शासकीय अस्पताल बिछिया लाया गया, जहाँ डॉक्टर द्वारा महिला को मृत घोषित किया गया। मृतका के पड़ोसियों द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर थाना बिछिया में मर्ग कायम कर हत्या का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी दीपक यादव को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसे मृतका पर जादू-टोना करने का शक था, इसी संदेह के चलते उसने कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी। गिरफ्तार आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

गिरफ्तार आरोपी में दीपक यादव, पिता मोतीलाल यादव, उम्र 18 वर्ष, निवासी ग्राम सहजपुरी, थाना बिछिया, जिला मण्डला शामिल रहा।

निरीक्षक रंजीत सिंह सैयाम, उप निरीक्षक प्रवीण मालवीय, सउनि सुरेश विजयवार, प्र.आर. अजीत परते, आरक्षक अमृत, आरक्षक नानसाय मरावी, आरक्षक भीकम, आरक्षक गजरूप की उल्लेखनीय भूमिका रही।

## खंड नारायणगंज विशाल हिन्दू सम्मेलन 1500 संख्या में सम्पन्न हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

दिनाँक 01/02/2026 मंडल नारायणगंज में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर के मैदान में किया गया जिसमे मुख्य वक्ता द्वारा उपस्थित सभी क्षेत्र से आए हजारों की संख्या में लोगों को संबोधित किया कि सनातन धर्म एवं अपनी सांस्कृतिक को नहीं छोड़ना चाहिए जातिवाद छोड़कर हिंदू तत्व आना चाहिए आसपास की सभी बुराइयों को छोड़कर सनातन धर्म अपनाना चाहिए क्योंकि सनातन धर्म में जो ताकत है और अन्य कहीं नहीं है अपने क्षेत्र में हिंदू तत्व की भावना जागना चाहिए आने वाली पीढ़ी को नशे से दूर रखना चाहिए उन्हें अपने साथ रखना चाहिए अलग-अलग परिवार होने से लोगों में फूट आती है समाज को एकत्रित कर हिंदू समाज की अलख लगाना चाहिए हिंदू सम्मेलन में आसपास क्षेत्र के लोग आए जिसमें महिलाओं की संख्या अधिक थी और बच्चों के द्वारा नृत लोकगीत आदि की प्रस्तुति बच्चों के द्वारा की गई अंत में भारत माँ की आरती संतो के द्वारा की गई आरती के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सभी हिंदू सम्मेलन में आए हुए अतिथियों ने भोजन ग्रहण कियाप्रान्त अधिकारी संत सूरज नारायण, साधु महात्मा सच्चिदानंद महाराज, निर्मला परमार, अखिलेश पाठक, पूरन दास, कुम्बेश्वर महाराज, पदमी महाराज, समाज के समाजसेवी मंडल के वरिष्ठ जन मनोज मिश्रा, रतन ठाकुर, अविनाश शर्मा, आशाराम भारतीया, अभय साहू, सुशांत, मृदु, अखिलेश, राकेश, सुरेश, मीरा साहू, मानक, कृष्णकुमार, दुर्गेश, दुर्गेश सोनी, शिवम मरावी, वंदना सिंगरौरे, नरेश सोनी, शुभम झारिया, नीरज ठाकुर, अजय सिंगरौरे, हीरा सिंगरौरे, अनिल शर्मा, मयंक अग्रवाल, चीनी सोनी, मुकेश नामदेव, अशोक परते, पुना बाई, शेरू सिंगरौरे, निशाँत अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही।



### आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षक मिलन समारोह का हुआ आयोजन



**मण्डला।** दिनांक 01.02.2026 को आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षक मिलन समारोह का आयोजन प्रांतीय अध्यक्ष भरत पटेल एवं जिला अध्यक्ष संतोष सोनी के मुख्य अतिथि में एवं अध्यक्षता में शिक्षक मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें ब्लैक कार्यकारिणी प्रांतीय पदाधिकारी जिला कार्यकारिणी और सेवानिवृत्ति शिक्षक भीखम भीकम सिंह गौर अमर सिंह मार्को अमर सिंह कुलस्ते आजाद अध्यापक शिक्षक संघ की ओर से सम्मानित किया गया इस मिलन समारोह ब्लॉक अध्यक्ष शेख रहमान खान ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रभान धनगर सुशील मरावी हेमंत मरावी चैन सिंह मरावी जागेश्वरी उसके गंगोत्री वरकडे पूनम सोनी अर्चना मरकाम द्रोपती मरावी मूलिया मरावी चंद विश्वकर्मा मेघा रावत सुभाष साहू सहदेव मरावी आदेश साहू कुसुम लाल उईके अशोक यादव ने आजाद अध्यापक संघ में सम्मिलित होने वाले नवीन सदस्य हैं इस इस कार्यक्रम के कार्यकारिणी अध्यक्ष शेख रहमान के द्वारा यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### कृषि विभाग के अधिकारियों ने शाला प्रांगण में विद्यार्थियों को मिट्टी परीक्षण की दी जानकारी



**भुआबिछिया।** दिनांक 29.01.2026 को पीएम श्री स्कूल सिहोरा में मिट्टी परीक्षण के संबंध में सातवीं आठवीं और ग्यारहवीं के बच्चों को मिट्टी परीक्षण कैसे किया जाता है मिट्टी में कौन-कौन से तत्व पाए जाते हैं उसकी कमी और अधिकता के बारे में बताया गया और मिट्टी नमूना कैसे लिया जाता है इसके बाद में उसमें कौन-कौन सी जानकारी भरकर के मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला के लिए भेजा जाता है उसके संबंध में जानकारी दी गई जिसके नोडल सहायक संचालक कृषि अरविंद वर्मा एवं उनके साथ में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखंड बिछिया मुकेश कुलस्ते मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला से अनिल यादव टेक्निकल असिस्टेंट एवं स्कूल के स्टाफ उपस्थित थे।

### उत्कृष्ट विद्यालय के शिक्षक प्रमोद कुमार गुप्ता हुए सेवानिवृत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/भुआबिछिया

मंडला उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ शिक्षक प्रमोद कुमार गुप्ता के अधिवर्षता सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी आत्मजीत सिंह अहलूवालिया के मुख्य आतिथ्य में श्री गुप्ता को भावभीनी विदाई दी। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमति अरुणा दीक्षित ने अपने उद्बोधन में उनके कार्य कुशलता के बारे में बताया और आगामी जीवन के लिए शान्तिमय, स्वस्थ एवं समृद्धशाली जीवन की शुभकामनाएं दीं तथा समस्त विद्यालय परिवार की ओर से मंगलकामनाएँ व्यक्त कीं। सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षक ने भी अपने सेवाकाल के दौरान अनुभव साझा करते हुए उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और परिश्रम के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उपस्थित शिक्षकों के द्वारा भी प्रमोद कुमार गुप्ता के साथ बिताए गए कार्यकाल के अनुभव साझा करते हुए अपने विचार व्यक्त किए गए। सभी ने उनके सरल, मृदुभाषी, अनुशासित एवं कर्तव्यनिष्ठ व्यक्तित्व की प्रशंसा करते हुए उन्हें एक कुशल नेतृत्वकर्ता एवं प्रेरणास्त्रोत बताया।

## विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/नारायणगंज



जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल एवं प्राइमरी मिडिल स्कूल और बालक आश्रमों पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेश विश्वकर्मा द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान कक्षाओं में जाकर परीक्षा संबंधी तैयारी और बच्चों के बीच बैठकर शैक्षणिक गुणवत्ता का जानकारी लिया और उसके उपरांत उन्होंने शिक्षक उपस्थिति पंजी की जांच की और शिक्षकों को शासकीय दायित्व का निर्वहन करने एवं शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष जोर देने हेतु आदेशित किया गया उन्होंने शिक्षक एवं विद्यार्थियों को परीक्षा तैयारी संबंधी कुछ जरूरी टिप्स भी दिए ग्राम चाटी बालक आश्रम एवं सिगौधा में बालक आश्रम और हॉस्टलों की गतिविधियों पर जानकारी ली बच्चों को समय में भोजन एवं स्वच्छता पर अधीक्षकों को कहा गया कि आश्रम में बच्चों को खाने पर गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए एवं समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण एवं पीने वाले पानी पर की गुणवत्ता पर ध्यान दिया जाए विकासखंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा समय-समय पर आकस्मिक निरीक्षण किया जाता है जिससे शैक्षणिक सुधार एवं स्कूलों में बच्चों की उपस्थितियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

प्रतियोगिता | फाइटर स्पोर्ट्स क्लब के तत्वाधान में आयोजित हो रहा फाइटर कप सीजन 2

# मंडला टाइटंस और वाय.एफ.सी. एकेडमी ने जीता मैच

*** गौरव एवं अमन रहे मेन ऑफ द मैच।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



फाइटर स्पोर्ट्स क्लब के तत्वाधान में आयोजित फाइटर कप सीजन 2 का आज का पहला मुकाबला मंडला टाइटंस एवं फ्रेंड्स 11 के बीच खेला गया जिसमें टॉस जीतकर मंडला टाइटंस ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मंडला टाइटंस ने 20 ओवरों में 5 विकेट खोकर 143 रन बनाए एवं जीत के लिए 144 रनो का लक्ष्य फ्रेंड्स 11 के लिए रखा। मंडला टाइटंस की ओर से बल्लेबाजी में अंकित चौरसिया ने 40 रन दुली यादव ने 26 रन सौरभ ने 19 रन शिवांश ने नाबाद 19 रन अनुज ने 17 रन शिवांश ने 15 रन और गौरव ने 11 रनो का योगदान अपनी टीम को दिया जबकि फ्रेंडस 11 की ओर से गेंदबाजी में जहांगीर मलिक ने 3 विकेट और संजय ने 1 सफलता अर्जित की।




144 रनो के लक्ष्य का पीछा करते हुए रोमांचक मुकाबले में 2 रनो से फ्रेंड्स 11 को मैच में हार का सामना करना पड़ा।

फ्रेंड्स 11 की ओर से बल्लेबाजी में रमेश नेटी ने 34 रन सुशील ने 31 रन श्याम बिहारी ने नाबाद 26 रन और रेहान ने 16 रनो का योगदान अपनी टीम को दिया।

मंडला टाइटंस की ओर से गेंदबाजी में गौरव ने 3 विकेट अंकित और कमल ने 2-2 विकेट एवं सौरभ ने 1 सफलता अर्जित की। इस प्रकार मंडला टाइटंस ने इस मुकाबले को मात्र 2 रनों से जीतकर अगले राउंड में प्रवेश किया। इस मुकाबले के मैन ऑफ द मैच गौरव रहे। इस मुकाबले में निर्णायक ऋषि रघुवंशी और पार्थ बाजपेई रहे।

रविवार के दिन का दूसरा मुक़ाबला सुपर वॉरियर्स और वाय.एफ.सी. एकेडमी के बीच खेला गया जिसमें टॉस जीतकर सुपर वॉरियर्स ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया जो फैसला गलत सबित हुआ वाय.एफ.सी. एकेडमी के गेंदबाजी के सामने एक भी बल्लेबाज सुपर वॉरियर्स का टिक न सका और पूरी टीम मात्र 50 रनों पर ढेर हो गई। जिसमें सुपर वॉरियर्स का एक भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी न छू सका। वाय.एफ.सी. एकेडमी की ओर से गेंदबाजी में अमन कछवाहा ने 4 विकेट ओर दर्श असीम और अनमोल ने 2-2 सफलता अर्जित की। 51 रनो के लक्ष्य का पीछा करते हुए वाय.एफ.सी. एकेडमी ने महज ने 4.2 ओवरों में 9 विकेटों से लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। जिसमें वाय.एफ.सी. एकेडमी की ओर से बल्लेबाजी में पुष्कर कछवाहा ने नाबाद 31 रन एवं अनुज परमार ने नाबाद 15 रनो का योगदान दिया। सुपर वॉरियर्स की ओर से गेंदबाजी में नीलेश ठाकुर ने 1 सफलता अर्जित की। इस मैच के मैन ऑफ द मैच अमन कछवाहा रहे और निर्णायक ऋषि रघुवंशी और मोहित बरमैया एवं स्कोरर सत्यम बर्मन रहे। ये रहे मौजूद प्रदीप सोनी, जितेंद्र नंदा, चंद्रेश बर्मन, दीपक साहू, योगेन्द्र, राहुल उईके ,नीलनिकेश कठोतिया, हेमराज परस्ते, डॉ. राहुल देव धैर्य , शनि नंदा ,नयन अग्रवाल आदि उपस्थित रहे। सोमवार का पहला मैच सुबह 9:30 बजे से आजाद टिकरिया एवं ड्रीम स्टार 11 के बीच एवं दोपहर 1:00 बजे से मल्टी स्टार मवई बनाम मां रेवा देवदरा के बीच खेला जाएगा।

## नारायणगंज में घटिया सड़क निर्माण से टूटा नाला बना जानलेवा, हादसे की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



नारायणगंज बस स्टैंड से विकास खंड शिक्षा कार्यालय तक लगभग दो वर्ष पूर्व लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा सड़क का निर्माण कराया गया था। लेकिन निर्माण के कुछ ही समय बाद सड़क से लगे नाले की स्लैब क्षतिग्रस्त हो गई, जो अब पूरी तरह टूटकर खुली अवस्था में है। यह स्थिति न केवल विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है, बल्कि आम नागरिकों और कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा बन चुकी है।

स्थानीय लोगों के अनुसार नाले की स्लैब घटिया सामग्री और लापरवाहीपूर्ण निर्माण के कारण क्षतिग्रस्त हुई है। वर्तमान में नाले का गड्ढा खुला पड़ा है, जिसमें केवल लोहे की सरिया दिखाई दे रही है। हल्की सी चूक किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। खासकर रात के समय या बारिश के दौरान यहां से गुजरने वाले राहगीरों, स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह स्थान बेहद खतरनाक है।



चिंताजनक बात यह है कि इसी मार्ग पर तहसील कार्यालय, जनपद पंचायत, विकास खंड शिक्षा कार्यालय सहित अन्य शासकीय कार्यालय स्थित हैं। प्रतिदिन अधिकारियों और कर्मचारियों का इस सड़क से आना-जाना होता है, इसके बावजूद अब तक न तो पीडब्ल्यूडी और न ही संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों ने इस ओर कोई ठोस कदम उठाया है।

अब तक नाले की स्लैब की मरम्मत या पुनर्निर्माण नहीं किया गया। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सुधार कार्य नहीं हुआ तो किसी बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभागों की होगी।

नगरवासियों ने जिला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि तत्काल मौके का निरीक्षण कर नाले की क्षतिग्रस्त स्लैब को दुरुस्त कराया जाए और जिम्मेदार अधिकारियों व ठेकेदार पर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की लापरवाही दोबारा न हो।

## खबर संक्षेप

### राजस्व जांच में लापरवाही पर एसडीएम सख्त

**जांच दल को नोटिस, अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश**

**शहपुरा।** जिले में भूमि सीमांकन व राजस्व जांच में लापरवाही बरतने पर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। खसरा नंबर 270/2/3 से जुड़े भूमि विवाद प्रकरण में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डिंडौरी ने जांच दल की गंभीर त्रुटियों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध पृथक से अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं।एसडीएम न्यायालय ने अपने आदेश में उल्लेख किया है कि जांच दल द्वारा पक्षकारों को सूचना दिए बिना, नक्शा बटांकन के अभाव में तथ्यहीन रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। जांच में यह भी सामने आया कि सभी पक्षकारों के हस्ताक्षर मौके पर नहीं लिए गए तथा मुख्य पक्षकारों को सूचना तक जारी नहीं की गई, जिसे न्यायालय ने गंभीर लापरवाही माना।न्यायालय ने कहा कि इस प्रकार की प्रक्रिया-विहीन रिपोर्ट शासकीय सेवा आचरण के विपरीत है। तहसीलदार डिंडौरी को निर्देशित किया गया है कि थाना कोतवाली के पत्र के अनुसार नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।इस कार्रवाई के बाद राजस्व विभाग में हलचल मची हुई है। आदेश को राजस्व मामलों में पारदर्शिता और जवाबदेही का सख्त संदेश माना जा रहा है।

### केंद्रीय बजट निवेशकों के विश्वास तथा ऋण रेटिंग के लिए सकारात्मक -सीए आकाश खेमका

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** आकाश खेमका चार्टर्ड एकाउंटेंट अनूपपुर ने चर्चा के दौरान बताया कि केंद्रीय बजट 2026-27 दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता और संरचनात्मक विकास पर केंद्रित दिखाई देता है। सरकार ने राजकोषीय अनुशासन बनाए रखते हुए पूंजीगत व्यय को प्राथमिकता दी है, जिससे यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि नीति-निर्माता उपभोग-आधारित विकास के बजाय परिसंपत्ति-सृजन आधारित विकास मॉडल को आगे बढ़ाना चाहते हैं। राजकोषीय घाटे को नियंत्रित रखने का लक्ष्य भारत की व्यापक आर्थिक विश्वसनीयता, निवेशकों के विश्वास तथा ऋण रेटिंग के लिए सकारात्मक माना जा सकता है। कर नीति के संदर्भ में यह बजट स्थिरता और सरलता पर आधारित है। आयकर स्लैब में बड़े बदलाव न करके सरकार ने यह स्पष्ट किया है।

# सांदीपनि विद्यालय शहपुरा में वार्षिकोत्सव, विदाई समारोह व कैरियर गाइडेंस शिविर का आयोजन





**शहपुरा**

सांदीपनि विद्यालय शहपुरा में शालेय वार्षिकोत्सव, कक्षा 12वीं की छात्राओं का विदाई समारोह एवं कैरियर गाइडेंस शिविर का संयुक्त रूप से भव्य, सुव्यवस्थित और गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा, अनुशासन और आत्मविश्वास का उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने को मिला।कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना के साथ हुआ, जिससे वातावरण श्रद्धा और उत्साह से ओतप्रोत हो गया। इसके पश्चात कक्षा 11वीं की छात्राओं द्वारा कक्षा 12वीं की छात्राओं को भावपूर्ण विदाई दी गई। इस अवसर पर मंच पर भावुक क्षण देखने को मिले।वार्षिकोत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने एकल एवं सामूहिक नृत्य, हास्य नृत्य तथा प्रहसन जैसी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त उच्च माध्यमिक शिक्षिका सुश्री माया ठाकुर रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, सतत परिश्रम और नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया।कैरियर गाइडेंस शिविर में डिंडौरी जिले के वरिष्ठ पत्रकार भीमशंकर साहू ने विद्यार्थियों को मीडिया, प्रशासन एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं सहित अनेक करियर विकल्पों की जानकारी दी। उन्होंने लक्ष्य निर्धारण और समय प्रबंधन पर विशेष बल दिया।विद्यालय के प्राचार्य यशवंत कुमार साहू ने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच एवं नियमित अध्ययन के माध्यम से सफलता प्राप्त करने की प्रेरणा दी।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक उमाकांत झारिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं स्टाफ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन के साथ किया गया।

## माघ पूर्णिमा पर कबीर साहब मंदिर में भव्य आयोजन, श्रद्धा से गूंजा पडरिया कला



**शहपुरा-** शहपुरा जनपद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पडरिया कला स्थित खेर माता मंदिर प्रांगण में माघ पूर्णिमा के पावन पर्व पर कबीर साहब जी के मंदिर में भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि दो वर्ष पूर्व खेर माता मंदिर परिसर में कबीर साहब जी का मंदिर निर्माण कर प्रतिमा की स्थापना की गई थी।मंदिर के स्थापना दिवस एवं माघ पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में दिनभर संगीतमय प्रवचन, पूजा-पाठ एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। संध्या काल में विधिवत आरती के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में ग्रामीण श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान "कबीर साहब की जय" एवं "खेर माता की जय" के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने आस्था और श्रद्धा के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की।

## अनियमितताओं के आरोप में ग्राम रोजगार सहायक की सेवा समाप्त

**डिंडौरी**




जनपद पंचायत डिंडौरी अंतर्गत ग्राम पंचायत मडियारास में पदस्थ ग्राम रोजगार सहायक की गंभीर अनियमितताओं की पुष्टि होने पर आखिरकार उसकी संविदा सेवा समाप्त कर दी गई। लंबे समय से ग्रामीणों द्वारा की जा रही शिकायतों के बाद जिला पंचायत सीईओ के निर्देश पर गठित जिलास्तरीय जांच टीम ने मामले की निष्पक्ष जांच की, जिसमें भ्रष्टाचार एवं कर्तव्य में लापरवाही प्रमाणित हुई।जांच में सामने आया कि ग्राम रोजगार सहायक गोर्वधन ठाकुर द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 12 आवासों में चरणबद्ध जियोटैगिंग नहीं की गई। एक ही हितग्राही के आवास की फोटो का उपयोग कर अन्य आवासों की किस्त जारी कराई गई। इसके अलावा आवास स्वीकृति से पूर्व ही निर्माण कराकर बाद में अन्य हितग्राहियों की तस्वीरें पोर्टल पर अपलोड की गईं।

जांच में यह भी उजागर हुआ कि एक ही जॉब कार्ड क्रमांक दो अलग-अलग हितग्राहियों के नाम दर्ज कर दिया गया, जिससे वास्तविक पात्र हितग्राही को योजना का लाभ नहीं मिल सका। वहीं मनरेगा के अंतर्गत पुलिया निर्माण कार्य में तकनीकी स्वीकृति के विपरीत कार्य कराते हुए अधिक भुगतान किया गया, जिसकी वसूली का प्रस्ताव सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक से किया गया है।इसके अतिरिक्त मनरेगा पोर्टल में 51 जॉब कार्डधारी श्रमिकों की प्रविष्टियों में गंभीर त्रुटियां पाई गईं। इस संबंध में जारी कारण बताओ नोटिस का जवाब भी संतोषजनक नहीं पाया गया।इन सभी मामलों को संविदा सेवा शर्तों एवं शासन निर्देशों का उल्लंघन मानते हुए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशों के तहत गोर्वधन ठाकुर, ग्राम रोजगार सहायक, ग्राम पंचायत मडियारास की संविदा सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई है।

## कार्य समय में पंचायत कार्यालयों पर ताले, जिम्मेदार नदारद





**शहपुरा।शहपुरा** जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत ढोंढा एवं पोड़ी माल में कार्यदिवस के बावजूद पंचायत कार्यालय दिनभर बंद रहे। कार्यालयों में ताले लटके मिले और कोई भी जिम्मेदार कर्मचारी उपस्थित नहीं पाया गया, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।ग्रामीणों के अनुसार पंचायत में पदस्थ सचिव, रोजगार सहायक या मोबिलाइज़र में से किसी एक की उपस्थिति अनिवार्य होती है, ताकि आमजन अपनी समस्याएं दर्ज करा सकें और योजनाओं की जानकारी ले सकें। लेकिन दोनों पंचायतों में कार्यालय बंद रहने से ग्रामीण निराश लौटने को मजबूर हुए।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पंचायतकर्मी बिना कार्यालय आए शासन से वेतन प्राप्त कर रहे हैं। उनका कहना है कि यह स्थिति केवल इन दो पंचायतों तक सीमित नहीं, बल्कि क्षेत्र की कई पंचायतों में यही हाल है। अब देखना यह है कि खबर सामने आने के बाद जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा क्या कार्रवाई की जाती है।

## ग्रामीणों ने उठाया मड़ई मेला का जमकर लुत्फ



**हरिभूमि न्यूज अमरपुर।** जनपद पंचायत मुख्यालय अमरपुर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दो-दिवसीय मड़ई मेला का आयोजन किया गया। जिसमें पहले दिन सोमवार को आस पास गांवों के ग्रामीणों द्वारा परांपरानुसार भारी मात्रा में चंडी ब्याही गई। जिसमें अहीरों द्वारा जगह जगह जमकर अहीरी नृत्य का प्रदर्शन किया गया। ऐसा मानना हैं कि एक दिन पूर्व अपने कुल देवी की पूजा पाठ कर मड़ई में चंडी लेकर न आने पर अनेकों प्रकार के विपत्तियों का सामना करना पड़ता हैं। आयोजित मड़ई में अनेक प्रकार के मिष्ठान, बर्तन, कपड़ों की आकर्षक दुकानें व्यापारियों द्वारा सजाई गई। जिसमें आस पास गांवों के ग्रामीणजन सपरिवार पहुंचकर आकर्षक झूले सहित खेल तमाशे का जमकर लुत्फ उठाया गया। इसके साथ ही कपड़े, घरेलू दैनिक उपयोग की सामग्री, मिठाई और बच्चों के लिए खिलौनों की भी जमकर खरीदारी की गई। इस मड़ई मेले में ग्रामीण क्षेत्रों के लोग आटो रिक्शा आदि गाड़ियां से दूर दराज से हजारों की संख्या में पहुंचकर मड़ई मेले में जमकर लुत्फ उठाया गया। वहीं आज दूसरे दिन मंगलवार को गुदरी मड़ई का आयोजन किया गया।

## कलेक्ट्रेट में समय-सीमा बैठक संपन्न, योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा

**डिंडौरी।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने जिले में संचालित शासकीय योजनाओं, विकास कार्यों एवं जनहित से जुड़े प्रकरणों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर जे.पी. यादव, अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत पंकज जैन, एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा, एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन, एसडीएम डिंडौरी भारती मेरावी, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक, डिप्टी कलेक्टर प्रियांशी जैन, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग राजेन्द्र कुमार जाटव सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने समय पर निराकरण न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए भविष्य में लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, सर्व शिक्षा अभियान एवं जनजातीय कार्य विभाग को शैक्षणिक संस्थाओं में पेयजल, शौचालय, स्वच्छता एवं विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।पिछली जनसुनवाई में बार-बार आ रहे



आवेदनों के निराकरण को लेकर दिए गए सुझावों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने ई-गवर्नेंस के माध्यम से ऐसे लगभग 700 लंबित आवेदनों को तीन दिवस के भीतर निराकृत कर ऑनलाइन अपडेट करने तथा हितग्राहियों को डाक के माध्यम से सूचना भेजने के निर्देश दिए।बैठक में दिव्यांगजनों के सर्वे के आधार पर पात्र व्यक्तियों को उपकरण, पेंशन एवं प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने, बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत एनीमिया से पीड़ित बालिकाओं को स्वास्थ्य विभाग द्वारा नियमित उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए।

कलेक्टर ने एसडीएम एवं तहसीलदारों को समनापुर, बजाग, करंजिया और शहपुरा विकासखंडों के हाट-बाजारों में जैविक उत्पादों के नियमित आयोजन पर जोर देने के निर्देश दिए।बैठक में न्यायालयीन प्रकरणों, समग्र आईडी, ई-केवाईसी, सीपी ग्राम, पीएम जनमन योजना, स्वच्छ भारत मिशन, नगरीय निर्माण कार्यों तथा राजस्व प्रकरणों—बंटवारा, सीमांकन, नामांतरण, फौतीनामा एवं राजस्व वसूली—की समीक्षा करते हुए त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए।कृषि विभाग को प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के अंतर्गत ट्रैक्टर-बाइक रैली, मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, श्री अन्न सेमिनार, पराली प्रबंधन कार्यशाला, चौपाल एवं प्राकृतिक व जैविक खेती को बढ़ावा देने के निर्देश दिए गए।नीति आयोग के निर्देशानुसार 28 जनवरी से 15 अप्रैल 2026 तक जिले के तीन विकासखंडों में संचालित सम्पूर्णता अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी विशेष जोर दिया गया।बैठक के अंत में कलेक्टर ने लंबे समय से लंबित अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करते हुए पात्र हितग्राहियों को नियुक्ति आदेश पत्र भी प्रदान किए।

# किसान कल्याण वर्ष 2026 के तहत ट्रैक्टर–मोटरसाइकिल रैली का आयोजन

**डिंडौरी।**



मध्यप्रदेश शासन द्वारा घोषित किसान कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के प्रचार-प्रसार एवं किसानों में जागरूकता के उद्देश्य से सोमवार को जिले में ट्रैक्टर-मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया गया।कलेक्ट्रेट परिसर से शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे, कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर विधायक ओमप्रकाश धुर्वे स्वयं ट्रैक्टर चलाकर रैली का नेतृत्व करते नजर आए, जिससे किसानों में उत्साह का माहौल बना। रैली कलेक्ट्रेट परिसर से प्रारंभ होकर चंद्रविजय महाविद्यालय तक निकाली गई।रैली का मुख्य उद्देश्य किसानों को शासन की कृषि एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना, आधुनिक कृषि तकनीकों के प्रति जागरूक करना तथा किसान सम्मान एवं सशक्तिकरण का संदेश देना रहा।इसी क्रम में जिले के सभी विकासखंडों में भी संबंधित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में ट्रैक्टर-मोटरसाइकिल रैलियों का आयोजन किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने कहा कि इस प्रकार की पहल किसानों के कल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण है। इससे किसानों को नई तकनीकों और शासन की योजनाओं का लाभ मिलेगा, जिससे उनकी आय और जीवन स्तर में सुधार होगा।



## पंचायत विभाग में आश्रितों को मिली अनुकंपा नियुक्ति

**डिंडौरी।** पंचायत विभाग अंतर्गत ग्राम पंचायतों में पदस्थ दिवंगत सचिवों के आश्रित पुत्र-पुत्रियों को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक के उपरांत शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे एवं कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की गरिमामयी उपस्थिति में नियुक्ति आदेश पत्र वितरित किए गए।अनुकंपा नियुक्ति के अंतर्गत पंचायत सचिव पद पर रश्मि कुसराम को जनपद पंचायत डिंडौरी, नरेश वरकड़े को जनपद पंचायत शहपुरा तथा शिवम शाह उर्वे को जनपद पंचायत मेंहदवानी में पदस्थ किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने नव-नियुक्त कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम में अपर कलेक्टर जे.पी. यादव, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत पंकज जैन, एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा, एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन, एसडीएम डिंडौरी भारती मेरावी, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक, डिप्टी कलेक्टर प्रियांशी जैन, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग राजेन्द्र कुमार जाटव सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना के प्रचार हेतु शाहपुरा में निकली ट्रैक्टर एवं बाइक रैली



**शहपुरा -** डिंडोरी जिले के शाहपुरा विकासखंड अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से गुरुवार को ट्रैक्टर एवं बाइक रैली का आयोजन किया गया। कृषि विभाग शाहपुरा परिसर से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली में कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए।ट्रैक्टर एवं बाइक रैली शहपुरा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकाली गई, जहां किसानों को प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि योजना का उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि करना, आधुनिक कृषि तकनीकों को बढ़ावा देना तथा सरकारी योजनाओं से अधिक से अधिक किसानों को जोड़ना है।रैली के दौरान किसानों से अपील की गई कि वे योजना का लाभ लेने हेतु कृषि विभाग से संपर्क करें। कार्यक्रम के माध्यम से क्षेत्र के किसानों में योजना को लेकर जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया।

## राजस्व टीम की जांच में बड़ी लापरवाही: एसडीएम डिंडौरी ने थमाया 'कारण बताओ' नोटिस, अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश

**शहपुरा डिंडौरी**

जिले में राजस्व सीमांकन और जांच के मामलों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर गाज गिरनी शुरू हो गई है। ताजा मामला डिंडौरी के खसरा नंबर 270/2/3 से जुड़ा है, जहां अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) ने जांच दल की गंभीर त्रुटियों और कार्य के प्रति लापरवाही को देखते हुए कड़ी नाराजगी जताई है। एसडीएम कोर्ट ने जांच दल के सदस्यों के विरुद्ध अलग से अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के आदेश जारी किए हैं।

### क्या है पूरा मामला?

आवेदक अभिलाष कुमार गुप्ता और प्रार्थना गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक डिंडोरी एवं थाना कोतवाली डिंडौरी के माध्यम से एक शिकायत दर्ज कराई थी। मामला भूमि खसरा नंबर 270/2/3/1 (रकबा 0.1081 हे.) और अन्य संबंधित खसरों की बिक्री तथा सीमा/कब्जे के विवाद से जुड़ा था। जगदीश गुप्ता, सूर्यकान्त गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, सतीश गुप्ता, रमेश राजपाल द्वारा जमीन हड़पने के उद्देश्य से गलत रजिस्ट्री के मामले की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार डिंडौरी ने राजस्व विभाग का एक संयुक्त जांच दल गठित किया था। इस दल में राजस्व निरीक्षक गुरुदास मेहरा(समनपुर),बुधई सिंह( शाहपुर) टी.सी.संत ( नेवसा) और देवेन्द्र धुर्वे(पटवारी ह.नं.98),जितेन्द्र साहू (पटवारी ह.नं.50) शामिल थे। इस टीम ने दिनांक 13/11/2025 को एक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें पक्षकारों को सूचना दिए बिना और नक्शा बटांकन के अभाव में तथ्यहीन जानकारी दर्ज की गई। SDM न्यायालय ने अपने आदेश (प्रकरण 0379/ब-121/2025) में स्पष्ट किया है कि जांच दल ने प्रक्रिया का पालन नहीं किया और रिपोर्ट में गंभीर त्रुटियां कीं, जो शासकीय सेवा में कदाचरण की श्रेणी में आता है।

***जांच दल की लापरवाही आई सामने-***

दस्तावेजों के अनुसार, जांच दल ने 13 नवंबर 2025 को अपनी पहली रिपोर्ट पेश की थी, लेकिन आवेदक अभिलाष गुप्ता ने इस पर लिखित आपत्ति दर्ज कराई। **कोर्ट की कार्यवाही में खुलासा हुआ कि प्रक्रिया में अनियमितता:**

जांच दल ने कुल 09 व्यक्तियों को सूचना जारी करने की बात कही थी, लेकिन मौके पर केवल 06 के हस्ताक्षर पाए गए। शेष 3 व्यक्तियों के संबंध में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई।

### सूचना ही नहीं दी:

मुख्य पक्षकार श्री इंदरचंद गुप्ता 'मधुलता गुप्ता' को तो सूचना तक जारी नहीं की गई, जिसे कोर्ट ने कार्य के प्रति घोर लापरवाही माना। रिपोर्ट में लिपकीय त्रुटि: जांच दल ने स्वयं स्वीकार किया कि उनकी रिपोर्ट के बिंदु क्रमांक 10 में 'लिपकीय त्रुटि' थी। संशोधित रिपोर्ट 26 दिसंबर 2025 को दोबारा पेश की गई।

### एसडीएम कोर्ट का कड़ा रुख:

एसडीएम डिंडौरी ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि थाना कोतवाली के निर्देश पर गठित जांच दल द्वारा सूचना प्रक्रिया में अनियमितता बरतना और रिपोर्ट में त्रुटि करना 'गंभीर कदाचरण' की श्रेणी में आता है।कोर्ट का फैसला: जांच दल के सदस्यों के विरुद्ध पृथक से अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की जाए।तहसीलदार डिंडौरी को निर्देशित किया गया है कि वे थाना कोतवाली के पत्र के अनुसार नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें।नक्शा बटांकन न होने के कारण वर्तमान में भूमि की स्थिति स्पष्ट नहीं हो पा रही है, जिससे विवाद की स्थिति बनी हुई है।इस आदेश के बाद राजस्व विभाग के अमले में हड़कंप मचा हुआ है। यह कार्रवाई स्पष्ट संदेश देती है कि राजस्व मामलों में पारदर्शिता और जिम्मेदारी से समझौता नहीं किया जाएगा।

### आदिवासी गोंड़ समाज महासभा की भूमि को भी विवादित बनाया गया:

जाँच दल ने उक्तानुसार तो लापरवाही की और शासकीय भूमि ख.नं.- 271/1/1 रकवा- 0.1700 हे.में से 0.048 हे. राजस्व न्यायलय कमिश्नर, कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार से वर्ष-2022 एवं 2023 से आवंटन प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है, जिसे गलत नापा गया खसरा नंबर 270/2/3 का हिस्सा बता दिया इस प्रकार से भू-माफियाओं को लाभ पहुँचाया है, महासभा को आवंटित भूमि के दस्तावेज जाँच दल को उपलब्ध कराने पर नहीं स्वीकार करना एक बड़ा प्रश्न खड़ा करता है । इसकी शिकायत कलेक्टर डिंडोरी से आदिवासी गोंड समाज महासभा अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक श्री धरमसिह मसराम ने किया है

### तहसीलदार और पटवारी पर मिलीभगत के आरोप

पीड़ति पक्ष ने आरोप लगाया है कि जब यह रिपोर्ट पहले से ही संदिग्ध थी और वरिष्ठ न्यायालय में विचाराधीन थी, तब तहसीलदार ने बिना किसी सक्षम अनुमोदन के इस त्रुटिपूर्ण रिपोर्ट के आधार पर धारा 250 के अंतर्गत चल रहे प्रकरण में पूर्व से जारी 'स्थगन' (Stay) को निरस्त कर दिया। आरोप है कि हल्का पटवारी ने भी नियमों को ताक पर रखकर उसी दूषित रिपोर्ट को आगे बढ़ाया, जिससे विपक्षी पक्ष को अवैध कब्जे और निर्माण का मौका मिल गया। साथ ही भू-माफियाओं को विवादित संदिग्ध जाँच प्रतिवेदन की चाय-प्रति उपलब्ध करवाकर उन्हें राजस्व विभाग का अप्रत्यक्ष समर्पण सहयोग दिया गया है तो अपराधियों का मनोबल अपराध करने बढ़ा हुआ है ।

### कठोर कार्यवाही की उठी मांग :

डिंडोरी जिले राजस्व विभाग की यही स्थिति है की सीमांकन के नाम से व्यापक भ्रष्टाचार किया जाता है जिसके अनेको उदाहरण है गरीब किसानो के साथ विभाग शोषण कर रहे है, उक्त यह मामला जिला मुख्यालय का था जो कि संयुक्त कलेक्टर कार्यालय से चंद क़दमों कि दुरी पर है, इन भ्रष्ट जाँच दल के टीम के राजस्व निरीक्षक,पटवारियों को यह भी भय नही था कि विवादित स्थल के सामने से प्रतिदिन जिला कलेक्टर,पुलिस अधीक्षक, एस.डी.एम.अन्य वरिष्ट अधिकारीयों का निकलना प्रतिदिन होता है और यह राजस्व मामला जिले का सबसे विवादित चर्चित प्रकरण है जिसमे भू-माफियाओ का एक समूह सुनियोजित तोर पर अपराधिक कृत्य करने अमादा था, इन भू-माफियाओं के विरुद्ध पूर्व में भी कोतवाली में विभिन्न धाराओं का अपराध दर्ज होने के बाद भी इनकी अपराधिक गतिविधियों पर लगाम नहीं लगी। राजस्व विभाग के इस जाँच दल ने भू-माफिया अपराधियों से साठ-गांठ करके जिले के सबसे बड़े राजस्व के अधिकारिता में भ्रष्टाचार किया है इन सभी को निलंबित कर कठोर कार्यवाही की जावे ताकि राजस्व विभाग की विश्वसनीयता बनी रहे ।

## खबर संक्षेप

### सनातन पुजारी कर्मकाण्डी संघ बैठक सम्पन्न



**नरसिंहपुर।** गत दिवस सनातन पुजारी कर्मकाण्डी संघ द्वारा बैठक का आयोजन कर विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। उक्त अवसर पर बलीराम शास्त्री सुदर्शनाचार्य, अध्यक्ष विपिन चन्द्र दुबे, प्रमोद आचार्य कोषाध्यक्ष, जिला महामंत्री लक्ष्मण वैष्णव एवं प्रबुद्ध जनों की उपस्थिति रही।

### विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक भ्रमण



**नरसिंहपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्रीनगर की कक्षा नवमी से बारहवीं में व्यावसायिक शिक्षा अध्ययनरत विद्यार्थियों ने प्राचार्य तुलाराम चोधरी के निर्देशन में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का औद्योगिक भ्रमण किया भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने इलेक्ट्रिकल, कोपा बेल्डिंग और फिटर जैसी तकनीकी को बारीकी से समझा एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की प्राचार्य सुश्री रितु सिंह ने विद्यार्थियों को अपने संस्थान के बारे में बताते हुए व्यावसायिक शिक्षा का महत्व बताया भ्रमण के दौरान व्यावसायिक शिक्षक एवं भ्रमण प्रभारी अंकित खरे साथ में श्रीमती उषा साहू, श्रीमती अंजलि सिंह उपस्थित रही।

### कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों को दी विदाई



**नरसिंहपुर।** गत दिवस सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा द्वादश के वरिष्ठ विद्यार्थियों को कक्षा एकादश द्वारा संस्था प्राचार्य आनंद मोहन कुर्मी की अध्यक्षता में विदाभिनंदन समारोह के माध्यम से भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाचार्य तुलसीराम पाराशर, राजेन्द्र पटैल, पूर्व आचार्य गंगाराम विश्वकर्मा, वरिष्ठ आचार्य श्रीमती ज्योति जोशी, खगेश स्वामी मंचासीन रहे। सर्वप्रथम वरिष्ठ छात्रों का सम्मान ध्वनि तिलक वंदन पुष्पों द्वारा किया गया। मंच संचालन प्रख्याती द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ छात्र-छात्राओं को ढोल बाजे के साथ विदा किया।

### बेटियों ने रचा इतिहास, जीता अंतरराज्यीय वालीबॉल खिताब जीता



**नरसिंहपुर।** स्वामी विवेकानंद स्पोर्टिंग क्लब, चीनी परसवाड़ा द्वारा आयोजित 44वीं अंतरराज्यीय वालीबॉल प्रतियोगिता में नरसिंहपुर की महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए टीम ने विजेता बनकर जिले को गौरवान्वित किया। विजेता नरसिंहपुर महिला टीम को 21 हजार रुपये की पुरस्कार राशि एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट खेल और विजय पर जिला वालीबॉल संघ अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल सहित अनेक खेलप्रेमियों ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके निरंतर बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद टीम को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

### यूथ फॉर सेवा टीम द्वारा कार्यक्रम आयोजित



**नरसिंहपुर।** यूथ फॉर सेवा की टीम द्वारा जिले के बरमान में स्थित वृद्धाश्रम में मानवीय संवेदना और सेवा भाव से ओत-प्रोत कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### श्रीमती मीना राय का स्वर्गवास



**गोटेगांव**-विगत दिवस नगर के प्रतिष्ठित नागरिक समाजसेवी आजाद वार्ड निवासी मानकलाल राय की धर्मपत्नि एवं रघुनाथ राय सुरेशकुमार राय (नवरंग स्टूडियो) की परम पूज्य माताश्री श्रीमति मीना राय का लगभग 72 वर्ष की आयु में बीमारी के चलते अचानक हृदयगति रुक जाने की वजह से आकस्मि निधन हो गया है।

### नियमों को दरकिनार कर काटी का जा रही कालोनी

# प्रशासन का उदासीन रवैया, समझ के परे

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।**

सरकार द्वारा योजनाएं बनाकर लोगों को अच्छी सुविधाएं मुहैया कराए जाने की बात कही जाती है। लेकिन प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा अनदेखी कर नियमों के विपरीत होने वाले कार्यो को रोका नहीं जाता और परिणाम यह सामने आता है कि लोग सरकार को दोष देते हुए नजर आते है। ऐसा ही मामला जिला मुख्यालय से सामने आया जहां पर काटी जा रही कॉलोनियों पर प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा और कालोनाइजर द्वारा नियमों को दरकिनार कर धड़ल्ले से कालोनी काटी जा रही और अंत मे लोग प्रशासन की अपेक्षा सरकार को दोष देकर कोसते नजर आएंगें।






### नियमों को दिखाया जा रहा धता

जिला मुख्यालय मे काटी जा रही कालोनी सरकार के नियमों के विपरीत निर्मित हो रही है। नियमानुसार कॉलोनी काटने से पूर्व कॉलोनाइजर को आवश्यक सेवाएं पूर्ण करना आवश्यक होता है कालोनी की पूरी सुविधाएं होने के उपरांत कॉलोनाइजर प्लाटों की बिक्री कर सकता है लेकिन जिला मुख्यालय मे काटी जा रही कॉलोनी त्र्यंबकेश्वर, अक्षरधाम आदि मे ऐसा देखने को नहीं मिल रहा है। कॉलोनी मे आवश्यक सुविधाएं पूर्ण ना होने के पूर्व ही प्लाटों का विक्रय कर दिया गया जो नियमों को पूरी तरह विपरीत है। सूत्रों की माने तो त्रयंबकेश्वर कालोनी का रेरा पंजीयन भी पूर्ण नहीं हुआ है। प्रशासन को चाहिए की जांच कर ठोस कार्रवाई करे जिससे लोगों का विश्वास प्रशासन पर बना रहे और नगर मे बसाई जा रही अवैध कॉलोनियों की संख्या मे कमी आए।

### मामला इस प्रकार

नगरीय क्षेत्र में काटी जा रही त्रयंबकेश्वर कालोनी का रेरा पंजीयन आवेदन रिजेक्ट होने के बाद भी त्रयंबकेश्वर कॉलोनी काट दी है। रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी का पंजीकरण न होने के बाद भी प्लॉट और मकान बेचे जाने से सैकड़ों खरीदारों का भविष्य अधर में लटक गया है। स्थानीय निवासियों के अनुसार कॉलोनी डेवलपर्स द्वारा आकर्षक दरों और जल्द रजिस्ट्री के वादे पर लोगों से लाखों रुपये वसूले गए, लेकिन अब तक न तो रेरा पंजीकरण कराया गया और न ही मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। रेरा अधिनियम के अनुसार किसी भी रियल एस्टेट प्रोजेक्ट का विज्ञापन, बुकिंग या बिक्री रेरा में पंजीकरण के बिना अवैध है। इसके बावजूद कॉलोनाइजर द्वारा नियमों को ताक पर रखकर खुलेआम प्लॉटों की बिक्री की जा रही है। जानकारों का कहना है कि रेरा न होने से खरीदारों को कानूनी संरक्षण नहीं मिल पाता और विवाद की स्थिति में वे शिकायत भी दर्ज नहीं करा सकते। वहीं कॉलोनी में निवेश कर चुके लोग अब अपने पैसों को लेकर चिंतित हैं। उनका कहना है कि प्रशासन को ऐसे अवैध प्रोजेक्ट्स पर समय रहते सख्त कदम उठाने चाहिए, ताकि आम लोगों की मेहनत की कमाई सुरक्षित रह सके।

### प्रशासन करे ठोस कार्रवाई

उक्त कालोनी के संबंध मे सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार त्र्यंबकेश्वर कॉलोनी निर्माण के लिए रेरा पंजीकरण आवेदन को निरस्त कर दिया गया। कालोनाइजर द्वारा बिना रेरा पंजीकरण की जा रही प्लाटिंग अवैध हो सकती है। मामला उजागर होने के बावजूद जिला प्रशासन की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है। प्रशासन को चाहिए की कॉलोनाइजर पर कोई ठोस कार्रवाई हुए अवैध प्लॉटों की बिक्री पर रोक लगाए। जिससे लोगों का विश्वास प्रशासन पर कायम रह सके और नगर मे बनने वाली अवैध कॉलोनियों पर रोक लग सके। हालांकि विचारणीय यह है कि प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों जानकारी होने के बाद भी कार्रवाई ना करना कई संदेहों को जन्म देता है प्रशासन को चाहिए की जांच कर ठोस कार्रवाई करे जिससे नियम विरूद्ध कालोनी ना काटी जा सके।

## रासेयो शिविर के चतुर्थ दिवस रेड रिबन कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के निर्देशन में एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना पुरूष एवं महिला इकाई के संयुक्त तत्वाधान में समीपस्थ ग्राम तिंदनी (धुबघट गौंड़ी) में सात दिवसीय वार्षिक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के चतुर्थ दिवस पर स्वयंसेवकों द्वारा प्रातः प्रभात फेरी निकाली गई। प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों द्वारा योगासन एवं श्रम दान किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र बौद्धिक परिचर्चा में एच.आई.व्ही. एड्स रेड रिबन एवं नशा उन्मूलन पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रशांत सोनी जिला एच.आई.व्ही. एड्स के नोडल अधिकारी के मुख्य आतिथ्य, श्रीमती वर्षा शिवपाल पटेल की अध्यक्षता, इमाम मंसूरी के विशिष्ट आतिथ्य एवं श्रीमती आराधना दुबे की उपस्थिति में किया गया। मुख्य अतिथि श्री सोनी ने एच.आई.व्ही. एड्स से होने वाली परेशानियों एवं समाधान को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई। विशिष्ट अतिथि श्री मंसूरी द्वारा सामाजिक समरसता एवं युवाओं में बढ़ती नशा प्रवृति एवं उसके घातक परिणाम से बचाव के उपाय बताये। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक सुमित यादव एवं आभार अभिषेक ठाकुर द्वारा किया गया। सायं काल में महिला इकाई द्वारा संगीत रंगोली एवं अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई तथा पुरूष इकाई द्वारा पंचम दिवस पर आयोजित होने वाले नेत्र परीक्षण शिविर को लेकर ग्राम सिमरिया, इन्द्रा नगर, तिंदनी, धुवघट, गरगटा, नयाखेड़ा सहित अनेक स्थानों पर में भ्रमण कर प्रचार-प्रसार किया गया। इस अवसर पर शिवपाल पटेल, ज्योति रजक ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता, अनीता रजक आशा सहायिका, फूलमति चैधरी, डालचंद एवं प्राथमिक शाला से राकेश श्रीवास्तव प्रधान पाठक, कमलेश पटेल सहा. शिक्षक, धरम पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजनों की उपस्थिती रहीं। रासेयो शिविर के पंचम दिवस आज जगतगुरू शंकराचार्य नेत्रालय की टीम द्वारा नेत्र जॉच शिविर एवं जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर की टीम द्वारा रक्त परीक्षण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा।

## वृक्षों की जा रही अवैध कटाई





**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

जिले के तहसील क्षेत्र गाडरवारा अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत ठुटी के बरांझ गांव स्थित मुक्तिधाम में हरे-भरे पेड़ों को काटकर उनकी लकड़ियां एकत्रित किए जाने का मामला सामने आया है। कटी हुई लकड़ियां मौके पर पड़ी मिली हैं। यह घटना कई सवाल खड़े करती है। उक्त लकड़ियां कहां से लाई गईं और इनका उपयोग या परिवहन किस उद्देश्य से किया जा रहा था। इस संबंध में जब विभागीय अधिकारियों से जानकारी मांगी गई, तो शुरुआत में कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिल सका। वन विभाग ने इस मामले की जांच करने की बात कही है। वन विभाग के अनुसार यदि यह लकड़ी वन क्षेत्र से अवैध रूप से काटकर लाई गई पाई जाती है, तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। डीएफओ कल्पना तिवारी ने बताया कि उन्हें इस संबंध में जानकारी मिली है विभाग द्वारा जांच की जा रही है। उन्होंने दोषियों पर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेंद्र नागेश ने भी इस मामले पर संज्ञान लेते हुए कहा कि यदि इस तरह का कोई मामला सामने आया है, तो उस पर तत्काल कार्रवाई करवाई जाएगी। फिलहाल, प्रशासनिक अधिकारियों के बयानों के बाद अब जांच रिपोर्ट का इंतजार है। स्थानीय तहसीलदार चंदन तिवारी ने बताया कि उन्होंने मौके पर पटवारी को भेजकर जांच शुरू करवा दी है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि मुक्तिधाम में वृक्षों की कटाई किसके आदेश पर और किस उद्देश्य से की गई थी।

## नर्मदा तट की सेवा में समर्पित मां नर्मदा युवा सेवा संगठन- 12 वर्षों से जारी है सफाई का महाअभियान



**गोटेगांव।**

आस्था और पर्यावरण संरक्षण के अनूठे संगम के साथ मां नर्मदा युवा सेवा संगठन पिछले 12 वर्षों से झांसीघाट की स्वच्छता और सौंदर्यीकरण में निरंतर जुटा हुआ है। संगठन के सदस्यों के निस्वार्थ भाव से आज यह घाट अपनी सुंदरता और स्वच्छता के लिए अलग पहचान बना चुका है। समिति न केवल घाट की सफाई करती है, बल्कि अपने स्वयं के व्यय से घाटों की आकर्षक रंगाई-पुताई और पेंटिंग भी कराती है, जिससे रेवा तट का स्वरूप निखर उठा है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए समिति द्वारा घाट पर पर्याप्त रोशनी और महिलाओं के लिए वस्त्र बदलने के कक्षों (चेंजिंग रूम) की भी समुचित व्यवस्था की गई है।सतेंद्र लोधी (कुकलाह) और उनके साथियों द्वारा 12 वर्ष पूर्व एक छोटे से संकल्प के साथ शुरू की गई यह समिति आज 200 से अधिक सदस्यों के साथ एक विशाल परिवार बन चुकी है। इस अभियान का सबसे सकारात्मक प्रभाव यह पड़ा है कि अन्य समितियां और आम श्रद्धालु भी अब स्वच्छता के प्रति जागरूक हो रहे हैं। सफाई के साथ-साथ समिति द्वारा प्रत्येक रविवार को मां नर्मदा की भव्य महाआरती का आयोजन भी किया जाता है।संगठन के सदस्य आशीष पटैल, सतेंद्र लोधी, संतोष लोधी और अन्य साथियों ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि मां नर्मदा के तट पर साबुन, शैम्पू का उपयोग न करें और गंदगी न फैलाएं। इस सेवा कार्य में सुजीत राजपूत, पवन मेहरा, राजा कुशवाहा, आशीष विश्वकर्मा सहित समस्त कार्यकर्ताओं का सराहनीय योगदान बना हुआ है, जिनकी मेहनत से झांसीघाट आज भक्ति और स्वच्छता का केंद्र बन गया है।

## हनुमान जी के प्रथम प्रकटोत्सव पर उमड़ा जनसैलाब, भजनों पर झूमे भक्त



**गोटेगांव।**

रिपटा मोहल्ला स्थित हनुमान मंदिर में जय मां अंजनी लाल सेवा समिति द्वारा हनुमान जी का प्रथम प्रकटोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर सुबह से ही मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का दौर शुरू हो गया था। विधि-विधान से पूजन के उपरांत बजरंग बली को लड्डू और चने का भोग अर्पित किया गया। प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में संपूर्ण मंदिर परिसर को आकर्षक फूल-मालाओं और रंग-बिरंगी विद्युत सज्जा से सजाया गया था, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। उत्सव के दौरान स्वामी अचलानंद जी महाराज का गरिमामय आगमन हुआ, जिनके ज्ञानवर्धक प्रवचनों का लाभ उपस्थित भक्तों को प्राप्त हुआ। धार्मिक अनुष्ठानों के क्रम में मंदिर में सुंदरकांड और सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। शाम को पंडित जी द्वारा हनुमान जी की भव्य महाआरती उतारी गई और जमकर आतिशबाजी हुई। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत करेली से आई श्री तुलसी मानस मंडली के कलाकारों ने भजनों की ऐसी तान छेड़ी कि भक्त भावविभोर होकर नृत्य करने लगे। कार्यक्रम के अंत में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने सब्जी-पूरी का प्रसाद ग्रहण किया।

### फोटोग्राफी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरित



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश ने एक दिसंबर से 15 दिसम्बर 2025 तक आयोजित नरसिंहपुर फोटोग्राफी प्रतियोगिता 2025 के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को राशि के चैक, प्रमाण पत्र एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त करने पर करेली निवासी गोपाल पटेल को 11,000 रुपये, द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर नरसिंहपुर निवासी पीयूष नेमा को 7,100 रुपये तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने पर नरसिंहपुर निवासी देव कतिया को 5,100 रुपये की राशि का चैक, प्रमाण पत्र एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त प्रतियोगिता में चयनित 10 प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार स्वरूप प्रमाण पत्र एवं उपहार प्रदान किए गए। उल्लेखनीय है कि जिले के पर्यटक, विरासत एवं पुरातात्विक महत्व के स्थलों, स्मारकों, प्राकृतिक संरचनाओं, वनों, नदियों, जलप्रपातों, राष्ट्रीय उद्यानों, गुफाओं एवं धार्मिक स्थलों के फोटोग्राफ का लोकेशन-आधारित डाटाबेस तैयार करने तथा प्रतिभावान फोटोग्राफरों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नरसिंहपुर फोटोग्राफी प्रतियोगिता 2025 का आयोजन जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद (डीएटीसीसी), नरसिंहपुर द्वारा ऑनलाइन माध्यम से किया गया था। प्रतियोगिता के अंतर्गत कुल 10 श्रेणियों में फोटोग्राफ आमंत्रित किए गए थे, जिनमें वन एवं वन्य जीवन, नदियां एवं जल संरचनाएं, पर्वत एवं घाटियां, सांस्कृतिक एवं विरासत स्थल, प्रकृति पथ, संग्रहालय, धार्मिक स्थल, स्थानीय भोजन एवं व्यंजन, मेले एवं त्यौहार, पर्यटन स्थल, होम-स्टे एवं फार्म-स्टे शामिल थे।

## एक माह से बंद पड़ी मशीन भटक रहे उपभोक्ता

**तेंदूखेड़ा**

आजकल आधार कार्ड को लगभग हर क्षेत्र में आवश्यक कर दिया गया है।चाहे शासकीय हो या अशासकीय बगैर आधार कार्ड के अब कुछ नहीं हो रहा है। और तहसील मुख्यालय तेंदूखेड़ा सहित आस पास ग्रामीण क्षेत्रों के हितग्राहियों के आधार कार्ड ना बन पाने के कारण पिछले एक माह से परेशान देखे जा रहे हैं। हितग्राहियों का कहना है कि तेंदूखेड़ा में लोक सेवा केन्द्र में आधार कार्ड बनाए जाते थे। लेकिन अब वहां नहीं बनाये जा रहे हैं। हमारे प्रतिनिधि के द्वारा जब इस संबंध में चर्चा की गई तो पता चला है कि पूर्व में जिस लेपटाप से काम हुआ करता था।पुराना हो जाने और नया लेपटाप अपडेशन नहीं होने के कारण हितग्राहियों को परेशान होना पड़ रहा है। तेंदूखेड़ा लोक सेवा केन्द्र से भी वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया है लेकिन आजकल आजकल के चलते काफी लंबा समय बीत चुका है। छोटे छोटे बच्चों से लेकर विभिन्न लोगों के जिनके आधार कार्ड अपडेशन होने नहीं उन्हें आवश्यक कार्य में जरुरी लग रहें है। तेंदूखेड़ा क्षेत्र में एक मात्र केंद्र है और वह भी बंद पड़ा हुआ है।




### *मंगवाई गई थी सर्वे रिपोर्ट*

इस संबंध में जब हमारे प्रतिनिधि द्वारा ई गर्वनेंस प्रबंधन से चर्चा की गई तो उनका कहना था कि जिले से एक सर्वे रिपोर्ट मांगी गई थी वह ना आने के कारण केंद्र बंद कर दिए गए हैं। लेकिन केंद्र प्रभारियों का कहना है कि जिन केंद्रों से सर्वे रिपोर्ट पहुंच गई है उन्हें चालू रखना चाहिए।ऐसी स्थिति में हितग्राही परेशान हो रहे हैं।

### *मुख्यालय पर मात्र एक केंद्र*

सबसे बड़ी विसंगति पूर्ण स्तिथि यहां पर यह देखने में आई है कि तहसील मुख्यालय में मात्र एक ही केंद्र बना हुआ है। जबकि तेंदूखेड़ा और आस पास ग्रामीण क्षेत्रों की सुविधा की दृष्टि से यहां पर तीन से चार केंद्र होना आवश्यक है। इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को पूर्व में एक लिखित आवेदन भी दिया गया था लेकिन इस दिशा में आज तक कोई उचित व्यवस्था नहीं हो सकी है। हितग्राही आधार कार्ड को लेकर परेशान बनें हुए हैं।